
## न्यूज डायरी



### लाहौर कोर्ट ने नवाज शरीफ को दी बिना शर्त विदेश जाने की अनुमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। इमरान खान सरकार के दावों को खारिज करते हुए लाहौर हाई कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का नाम नो फ्लाइ लिस्ट से हटाने को अनुमति दे दी है। इमरान सरकार ने नवाज के विदेश जाने के बीच कई बार रोड़ा अटकाने की कोशिश की। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक सुनवाई के दौरान सरकार ने नवाज के भाई शहबाज शरीफ की याचिका का विरोध किया। कोर्ट की बेंच ने कहा कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री अपने इलाज के लिए विदेश जाना चाहते हैं तो अदालत इसकी इजाजत देती है। बेंच ने सरकार से पूछा कि क्या इमरान सरकार को नवाज का नाम एग्जिट कंट्रोल लिस्ट से हटाने के लिए शर्त रखने के जनादेश मिला है? गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीएमएल–एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने कहा था कि यह सरकार गंदी राजनीति कर रही है।

### पाकिस्तान के एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने भारतीय विमान को बचाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में तनाव के बीच गुरुवार को कुछ ऐसा हुआ, जिसकी हर कोई तारीफ करेगा। दरअसल, 150 यात्रियों को लेकर जयपुर से मस्कट जा रहा एक भारतीय प्लेन पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में बहुत ही खराब मौसम में फंस गया। प्लेन पर आकाशीय बिजली गिर गई और वह अचानक 2 हजार फीट नीचे आ गया। पायलट ने मदद के लिए तुरंत सभी नजदीकी एयर ट्रैफिक कंट्रोलरों के पास अलर्ट भेजा। विमान को खतरे में देख एक पाकिस्तानी एयर ट्रैफिक कंट्रोलर तुरंत हरकत में आया और उसे हादसे का शिकार होने से बचा लिया। आपको बता दें कि गुरुवार को पाकिस्तान में मौसम इतना ज्यादा खराब था कि उस दिन आकाशीय बिजली गिरने से 20 लोगों की मौत हो गई थी। विमानन प्राधिकरण से जुड़े सूत्रों ने बताया कि दक्षिणी सिंध प्रांत के थार इलाके में विमान बहुत ही खराब मौसम में फंस गया। द न्यूज इंटरनैशनल की एक खबर के अनुसार विमान में 150 यात्री सवार थे।

### अमेरिकी सीनेट ने सर्वसम्मति से सिखों की सराहना का प्रस्ताव पारित किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी सीनेट ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशपर्व के अवसर पर इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के साथ ही अमेरिका में सिखों के योगदान को याद किया। इंडियाना से रिपब्लिकन सीनेटर टॉड यंग और मेरीलैंड से डेमोक्रेटिक सीनेटर बेन कार्डिन द्वारा पेश किए गए सिख धर्म पर अपनी तरह के पहले प्रस्ताव को गुरुवार को सिखों के पहले गुरु के 550वें प्रकाश पर्व पर पारित किया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि अमेरिका और दुनियाभर में सिख समानता, सेवा और ईश्वर के प्रति भक्ति के मूल्यों और आदर्शों के साथ रहते हैं, जिसकी शिक्षा सर्वप्रथम गुरु नानक ने दी थी। सीनेट के प्रस्ताव में 4 प्रमुख सिखों का भी जिक्र था जिन्होंने अमेरिका के लिये योगदान दिया। इस प्रस्ताव में जिन सिखों को शामिल किया गया उनमें दलीप सिंह सौंद, डॉ. नरिंदर कपानी, दिनार सिंह बैंस और गुरिंदर सिंह खालसा शामिल हैं।

### 3 बच्चों को कमरे में बंद कर प्रेमी के साथ रात गुजारने वाली महिला को सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन में एक 32 साल की महिला ने प्रेमी के साथ होटल में रात बिताने के लिए अपने 3 बच्चों को अपने घर के बेडरूम में लॉक कर दिया था। बेडरूम में रोशनी का एक मात्र स्रोत एक लैंप था, जिसके तार कई जगह नंगे और प्लग क्षतिग्रस्त था। इससे आग लगने और बच्चों को करंट लगने का भी खतरा था। अब महिला को 18 महीने कैद और 150 घंटे की कम्यूनिटी सर्विस की सजा सुनाई गई है। ब्रिटिश वेबसाइट डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक 14 नवंबर को प्रेस्टन क्राउन कोर्ट ने महिला को बच्चों की देखभाल में लापरवाही का दोषी मानते हुए 18 महीने कैद की सजा सुनाई।

# अमेरिकी इतिहास में ऐसे दोहरे मापदंड कभी नहीं देखेः ट्रंप

**आरोप**

■महाभियोग प्रक्रिया पर नाराजगी जताते हुए ट्रंप ने दोहरे मापदंड का आरोप लगाया

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जान-बूझकर मेरा अपमान किया जा रहा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अपने खिलाफ चल रही महाभियोग की कार्यवाही के बारे में कहा कि उन्होंने अमेरिकी इतिहास में ऐसा दोहरा मापदंड पहले कभी नहीं देखा। ट्रंप के खिलाफ सार्वजनिक सुनवाई के दूसरे दिन यूक्रेन में अमेरिका की पूर्व राजदूत मैरी योवानोविच ने डेमोक्रेट के नियंत्रण वाली संसदीय समिति के समक्ष गवाही दी।

**इतिहास में दोहरे मापदंड का ऐसा उदाहरण नहीं:** हाउस पर्मानेंट सिलेक्ट कमिटी ऑन इंटेलिजेंस के डेमोक्रेटिक सांसदों द्वारा यूक्रेनियों के साथ ट्रंप की बातचीत के बारे में योवानोविच से सवाल–जवाब किए जाने के मद्देनजर ट्रंप ने ट्वीट किया, 'हमारे देश के इतिहास में इस प्रकार का दोहरा मापदंड कभी नहीं देखा?' ट्रंप ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत मिलने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ उनकी फोन पर पहली बार हुई बातचीत की जानकारी सुनवाई से पहले जारी की। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है।



**ट्रंप ने लगाया अपमान का आरोप** अपने खिलाफ प्रतिनिधि सभा द्वारा शुरू की गई महाभियोग की कार्यवाही में डेमोक्रैटिक पार्टी पर रिपब्लिकन को नियत प्रक्रिया में भाग नहीं लेने देने का आरोप भी प्रेजिडेंट ने लगाया। उन्होंने वाइट हाउस में मीडिया से कहा, 'हमारे देश के इतिहास में ऐसा अपमान कभी नहीं हुआ, जो अब हो रहा है। मुझे अपनी बात रखने का अधिकार है। मुझे भी अन्य लोगों की तरह अपनी बात कहने का अधिकार है, लेकिन उन्होंने (डेमोक्रेट्स ने) रिपब्लिकन का (प्रश्न करने का) अधिकार छीन लिया है।'

**वाइट हाउस का दावा, ट्रंप के खिलाफ नहीं मिला कोई सबूत** अमेरिकी राष्ट्रपति ने पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा, 'मैंने आज देखा कि बहुत प्रतिभाशाली कुछ लोग (रिपब्लिकन) सवाल पूछना चाहते थे, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं दी गई।' इस बीच वाइट हाउस की प्रेस सचिव स्टेफनी ग्रिशम ने दूसरे दिन की सुनवाई के बाद कहा कि संसदीय समिति के समक्ष महाभियोग की सुनवाई में ट्रंप के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला और योवानोविच ने गवाही दी कि उन्हें राष्ट्रपति की संलिप्तता वाली किसी आपराधिक गतिविधि की जानकारी नहीं है। महाभियोग के तहत इस बात की जांच की जा रही है कि क्या ट्रंप ने अपने निजी एवं राजनीतिक हित के लिए पद का दुरुपयोग किया?

## श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका के आठवें राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए शनिवार को देशभर में मतदान हो रहा है। इसमें मुख्य रूप से सत्तारूढ़ न्यू डेमोक्रेटिक फ्रंट (एनडीएफ) के साजित प्रेमदासा और श्रीलंका पोडुजना पेरमुना (एसएलपीपी) के गोतबाया राजपक्षे के बीच मुकाबला है। 12,845 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शुरु हुआ मतदान शाम 5 बजे समाप्त होगा। वहां लगभग 1.6 करोड़ वोटर हैं।

**मतदाताओं से भरी बसों पर गोलीबारीः** अज्ञात बंदूकधारियों ने शनिवार को श्रीलंका के मन्नार जिले में मतदाताओं को ले जा रही दो बसों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। देशभर में आज राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान हो रहे हैं। खबरों के मुताबिक, 'पुलिस ने कहा कि कोई भी मतदाता घायल नहीं हुआ है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

**रेकॉर्ड 35 उम्मीदवार मैदान में:** इस बार रेकॉर्ड 35 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। चुनाव में श्रीलंका के 1.59 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे और 35 प्रत्याशियों में से एक को वर्तमान राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना का उत्तराधिकारी चुनेंगे। ईस्टर के दिन हुए बम धमाकों के बाद हुए राजनीतिक ध्रुवीकरण और सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए श्रीलंका के भविष्य के लिए यह निर्वाचन महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



## कश्मीरी मूल की लेखिका सुनंदा वशिष्ठ का भाषण वायरल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में कश्मीरी हिंदुओं पर 1990 के दौर में हुई हिंसा पर अपने भाषण के बाद कश्मीरी मूल की लेखिका सुनंदा वशिष्ठ का भाषण सोशल मीडिया पर वायरल है। इस भाषण को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी उनके वायरल भाषण का विडियो ट्वीट किया है। यूएस कांग्रेस की ओर से आयोजित मानवाधिकार सम्मेलन में वशिष्ठ ने कहा कि जिस वक्त दुनिया ने इस्लामिक आतंकवाद का नाम भी नहीं सुना था, कश्मीरी पंडितों ने उस स्तर की बर्बरता और हिंसा का सामना किया। वशिष्ठ अमेरिका में रहती हैं और नियमित स्तंभकार हैं। खून से लथपथ, हिंसा से आक्रांत हम मजबूर और डरे हुए लोग थे जिन्हें अपना घर छोड़ना पड़ा।

## बोलिविया में राजनीतिक संकट गहराया, पूर्व राष्ट्रपति समर्थकों पर हिंसा में 5 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मोरालेस ने मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए इसे तानाशाही करार दिया

सकाबा। बोलिविया में मौजूदा राजनीतिक संकट उस समय और गहरा गया, जब सुरक्षा बलों ने देश के पूर्व राष्ट्रपति इवो मोरालेस के समर्थकों पर गोलीबारी की। इस घटना में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। इस घटना ने मोरालेस के इस्तीफे के बाद स्थिरता बहाल करने के अंतरिम सरकार के प्रयासों को मुश्किल में डाल दिया है।

**मेक्सिको में शरण ले रखी है पूर्व राष्ट्रपति ने:** सकाबा में मेक्सिको हॉस्पिटल के निदेशक गुआदालबेर्टो लारा ने बताया कि कोचाबम्बा शहर के निकट सकाबा में हताहत होने वाले अधिकतर लोगों को गोलियां लगी हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने 30 साल के करियर में ऐसी भयानक हिंसा नहीं देखी। मोरालेस ने देश में बढ़ते राजनीतिक और सैन्य दबाव के चलते अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने मेक्सिको में शरण ले रखी है।

**समर्थक मोरालेस के वापस लौटने की मांग कर रहे:** बोलिविया के पूर्व राष्ट्रपति को उनके समर्थक देश में वापस बुलाने की मांग कर रहे हैं। राजनीतिक संकट से गुजर रहे देश की कमान इस वक्त सांसद जीनिन अनेज के हाथ में है। मोरालेस पर चुनाव में धांधली करने का आरोप है, जिसके कारण देश में हिंसा भड़की और उन्हें दूसरे देश जाकर शरण लेना पड़ा।

**मोरालेस ने मौजूदा सरकार को तानाशाह करार दियाः** मोरालेस ने ट्वीट किया कि नरसंहार किया गया है। उन्होंने अंतरिम राष्ट्रपति जीनिन अनेज के नेतृत्व वाली देश की सरकार को तानाशाह करार दिया।

उन्होंने एक अन्य ट्वीट किया, 'अब वे सकाबा में हमारे भाइयों की हत्या कर रहे हैं।' इससे पहले अनेज ने घोषणा की थी कि मोरालेस देश में होने वाले किसी भी चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे। साथ ही उन्होंने मोरालेस को समर्थन देने के लिए मेक्सिको सरकार की आलोचना की।

## रॉकेट हमले के बाद इजराइल ने गाजा में हमास के ठिकानों को बनाया निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गाजा सिटी। इजराइल ने हमास को निशाना बनाते हुए गाजा पर शनिवार को फिर हमला किया। इजराइली सेना ने कहा कि दो दिन पूर्व शुरू हुए संघर्ष विराम के बावजूद फलस्तीनी क्षेत्र से रॉकेट दागे गए थे। सेना ने कहा कि पूर्व के अभियानों से इतर हमले में इस्लामी जिहाद को निशाना नहीं बनाया गया बल्कि इस बार निशाने पर हमास था जिसका वास्तव में गाजा पर नियंत्रण है। इजराइल और इस्लामी जिहाद के बीच बमबारी के बाद गुरुवार सुबह को संघर्षविराम लगाया गया था।

सेना ने कहा, "गाजा पट्टी से इजराइली क्षेत्र में दो रॉकेट दागे गए थे" और वायु सुरक्षा द्वारा इन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया गया। उसके बाद सेना ने हमले शुरू किए।" फलस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि इजराइली हमले में क्षेत्र के उत्तर में स्थित हमास के दो ठिकानों को निशाना बनाया गया था। सेना के एक बयान में कहा गया, "लक्षित ठिकानों में हमास के आतंकी संगठन का एक सैन्य शिविर और हमास के नौसैनिक बल द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक सैन्य परिसर था।